राजकीय महाविद्यालय में लेखक से मिलिए कार्यक्रम आयोजित

सवाई माधोपुर 20 फरवरी। शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय सवाई माधोपुर में लेखक से मिलिए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम संरक्षक डॉ गोपाल सिंह ने बताया कि सवाई माधोपुर जिले के स्थापना दिवस के अवसर पर एडीएम डॉ सूरज सिंह नेगी की पहल व मार्गदर्शन के तहत सवाई माधोपुर जिले के भूगोलवेत्ता, साहित्यकार, रचनाकार इतिहासकार, भाषाविद, संस्.तिविद आदि विद्वानों से विद्यार्थियों को रूबरू करवाने हेतु कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला का शुभारंभ संरक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गोपाल सिंह, मुख्य वक्ता राधेश्याम अटल, कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ आरती रानी सिंह, संयोजक डॉ प्रेम सोनवाल एवं आयोजन सचिव डा मोहम्मद शाहिद जैदी द्वारा माँ शारदा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य वक्ता राधेश्याम अटल ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्ति के सूत्र बताएं और बताएं कि जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए .ढ़ संकल्प आवश्यक है। उन्होंने महात्मा गांधी व अब्दुल एपीजे अबुल कलाम का उदाहरण देकर जीवन में सफलता के सूत्र बताएं। मुख्य वक्ता व साहित्यकर ने अपने काव्य खंड उर्मिला एवं दिव्य चरित्र श्रीहनुमान के द्वारा भी विद्यार्थियों को अपने जीवन में हनुमान के आचरण को उतारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया की हनुमान का जीवन को विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि हनुमान का जीवन एक उत्सव है, प्रेरक है। विद्यार्थियों को कहा कि जब भी पढ़ने का मन हो तो सद साहित्य का ही अध्ययन करना चाहिए। इसके पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ आरती रानी सिंह ने भी राधेश्याम अटल द्वारा रचित दिव्य चरित्र श्रीहनुमान काव्य से चौपाइयों को पढ़कर उनका विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक संयोजक डॉ प्रेम सोनवाल ने किया। इन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम हर माह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ दुलारी राम मीना, रोमिला करनावट व अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समाप्ति पर आयोजन सचिव डॉ शाहिद मोहम्मद जैदी ने मुख्य वक्ता एवं अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।